# आयुष पर प्रथम अखलि भारतीय सर्वेक्षण

## प्रलिमि्स के लयि:

आयुष पर राष्ट्रीय सर्वेक्षण, आयुष, आयुष मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुष मशिन

## मेन्स के लयि:

आयुष से संबंधति पहल, पारंपरकि चकित्सा का महत्त्व

सरोत: पी.आई.बी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **सांख्यकिी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** ने आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतकि चकित्सा, यूनानी, सद्धि और होम्योपैथी (Ayurveda, Yoga & Naturopathy, Unani, Siddha and Homoeopathy-AYUSH) चकित्सा प्रणालयिों पर एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण के नष्किर्ष जारी कयि।

## सर्वेक्षण की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं?

- **परचिय**
  - यह जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधिके लयि राष्ट्रीय प्रतदिर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा आयुष पर आयोजति पहला अखलि भारतीय सर्वेक्षण है जो भारत के लोगों द्वारा स्वास्थ्य की इन पारंपरकि देखभाल प्रथाओं के उपयोग के संबंध में बहुमूल्य सूचना प्रदान करता है
  - इस सर्वेक्षण में अंडमान और नकिोबार द्वीप समूह के कुछ दूरवर्ती ग्रामों के अतरिक्ति समग्र भारतीय संघ को शामलि कयिा गया।
- **उद्देश्य:** नम्निलखिति के संबंध में जानकारी एकत्र करना:
  - स्वास्थ्य सेवा की पारंपरकि प्रणाली (चकित्सा की आयुष प्रणाली) के संबंध में जन **जागरूकता**,व्याधयिों की रोकथाम अथवा उनके उपचार हेतु **आयुष का उपयोग,**
  - घरेलू उपचार, औषधीय पौधों, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा/लोक चकित्सा के बारे में परविारों की जागरूकता।
  - आयुष चकित्सा प्रणालयिों का उपयोग करके उपचार के लयि घरेलू व्यय के बारे में जानकारी एकत्र करना।
- **प्रमुख नष्किर्ष:**
  - **AYUSH के प्रतजिागरूकता:**
    - **ग्रामीण भारत** में **लगभग 95% पुरुष और महलिाएँ** (15 वर्ष और उससे अधकि आयु के) आयुष से परचिति हैं, जबकशिहरी क्षेत्रों में यह **जागरूकता दर लगभग 96%** है।
    - **ग्रामीण भारत के लगभग 79% घरों** में और शहरी भारत के लगभग 80% घरों में कम से कम एक सदस्य को औषधीय पौधों तथा घरेलू दवाओं के बारे में जानकारी होती है।
    - लगभग **24% घरों** (ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में) के कम से कम एक सदस्य को **परंपरागत चकित्सा या स्थानीय स्वास्थ्य** परंपरा के बारे में जानकारी होती है।




- **AYUSH का अनुप्रयोग:**
  - **विगत 365 दिनों के दौरान शहरी क्षेत्रों के लगभग 53% लोगों** एवं **ग्रामीण क्षेत्रों के 46% लोगों** ने बीमारियों की रोकथाम या उपचार हेतु आयुष का उपयोग किया है।
  - **AYUSH उपचार हेतु किया गया व्यय:**
  - बीमारियों की रोकथाम या उपचार के क्रम में AYUSH पद्धति पर प्रति व्यक्ति औसत व्यय **शहरी क्षेत्रों में 574 रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 472 रुपए** था।
- **उद्देश्यानुसार आयुष प्रणाली का उपयोग:**




- **योगाभ्यास:**
  - ग्रामीण भारत में लगभग **1.1 करोड़ परिवारों और शहरी भारत में लगभग 1.4 करोड़ परिवारों में कम-से-कम एक सदस्य नियमित रूप से**

**योग का अभ्यास** करता पाया जाता है।

## आयुष

- आयुष भारत में प्रचलति चकित्सिा प्रणालयियों का संक्षप्ति नाम है जैसे:
    - **आयुर्वेद:** समग्र कल्याण पर केंद्रति प्राचीन चकित्सिा प्रणाली।
    - **योग:** शारीरकि मुद्राओं एवं ध्यान के माध्यम से तन, मन और आत्मा का एकीकरण।
    - **प्राकृतकि चकित्सिा:** जल, वायु तथा आहार जैसे तत्त्वों के उपयोग से प्राकृतकि उपचार।
    - **यूनानी:** हास्य सद्धिांत(Humoral Theory) और हर्बल उपचार के उपयोग से संतुलन की स्थापना।
    - **सद्धि:** पाँच तत्त्वों और ह्यूमर तमलि चकित्सिा का आधार है।
    - **होम्योपैथी:** स्व-उपचार प्रतक्रियाओं को उत्तेजति करने हेतु धीमी उपचार प्रक्रयिा।
- ये प्रणालयियाँ **पारंपरकि चकित्सिा दर्शन पर आधारति** हैं और रोगों की रोकथाम तथा स्वास्थ्य संवर्द्धन की स्थापति **अवधारणाओं के साथ स्वस्थ जीवन जीने का एक तरीका प्रस्तुत** करती हैं।
- आयुष मंत्रालय भारत में आयुष की शक्षिा, अनुसंधान और प्रचार-प्रसार के वकिास के लयि उत्तरदायी है।

# आयुष चिकित्सा पद्धति

*आयुष में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी शामिल हैं, आयुर्वेद का 5000+ वर्षों का प्रलेखित इतिहास है।*

## आयुर्वेद

भगवान ब्रह्मा को आयुर्वेद का प्रथम प्रवर्तक माना जाता है

- **संहिता काल (1000 ईसा पूर्व):** परिपक्व चिकित्सा प्रणाली के रूप में उभरा
  - **चरक संहिता:** सबसे प्राचीन और आधिकारिक संहिता
  - **सुश्रुत संहिता:** आठ विशिष्टताओं में मौलिक सिद्धांत और चिकित्सीय विधियाँ प्रदान करती है
- **मुख्य शाखा:**
  - **आत्रेय पुनर्वसु**- चिकित्सकों की शाखा
  - **दिवोदास धन्वंतरि** - शल्यचिकित्सकों की शाखा

### आयुर्वेद की शाखाएँ

- काय चिकित्सा- चिकित्सा।
- शल्य चिकित्सा- सर्जरी।
- शालाक्य तंत्र- ईएनटी और नेत्र विज्ञान।
- बाल रोग चिकित्सा।
- अगद तंत्र- विष विज्ञान।
- भूतविद्या - मनोरोग।
- रसायन- कायाकल्प चिकित्सा और जराचिकित्सा।
- वाजीकरण तंत्र- सेक्सोलॉजी।



## योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा




योग को सर्वप्रथम महर्षि पतंजलि ने व्यवस्थित रूप में योगसूत्र के रूप में प्रतिपादित किया

- **प्राकृतिक चिकित्सा:** 5 प्राकृतिक तत्वों - पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश की सहायता से उपचार
  - शरीर की स्व-उपचार क्षमता सिद्धांतों और स्वस्थ जीवन के सिद्धांतों पर आधारित
  - रोग-केंद्रित दृष्टिकोण के स्थान पर व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है

## यूनानी

**ग्रीस में अग्रणी, अरबों द्वारा 7 सिद्धांतों के रूप में विकसित (उमूर-ए-तब्बिया)**

- बुकरात (हिप्पोक्रेट्स) और जालीनूस (गैलेन) की शिक्षाओं के ढाँचे के आधार पर
  - चार ह्यूमर्स का हिप्पोक्रेटिक सिद्धांत अर्थात् रक्त, कफ, पीला पित्त और काला पित्त
- WHO द्वारा मान्यता प्राप्त और भारत द्वारा वैकल्पिक स्वास्थ्य प्रणाली के रूप में आधिकारिक दर्जा प्रदान किया गया

## सिद्ध

**10000 - 4000 ईसा पूर्व; सिद्धर अगस्तियार- सिद्ध चिकित्सा के जनक**

- निवारक, प्रोत्साहनात्मक, उपचारात्मक, पुनर्जीवनात्मक और पुनर्वासात्मक स्वास्थ्य देखभाल
- **4 घटक:** लैट्रो-रसायन विज्ञान, चिकित्सा अभ्यास, योग अभ्यास और बुद्धि
- 3 निदानात्मक ह्यूमर्स (मुक्कुट्रम) और 8 महत्त्वपूर्ण परीक्षणों (एन्वागई थेरवु) पर आधारित है

**आयुर्वेद के 3 गुण (त्रिदोष): वात, पित्त और कफ**

## सोवा रिग्पा

**उत्पत्ति: भगवान बुद्ध के समय 2500 वर्ष पूर्व भारत में**

- लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश आदि के हिमालयी क्षेत्रों में पारंपरिक चिकित्सा।
- भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 (वर्ष 2010 में संशोधित) द्वारा भारत में मान्यता प्राप्त।

## होम्योपैथी

**जर्मन चिकित्सक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन ने इसके मूलभूत सिद्धांतों को संहिताबद्ध किया**

- जर्मन चिकित्सक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन ने इसके मूलभूत सिद्धांतों को संहिताबद्ध किया।
- औषधियाँ मुख्यतः प्राकृतिक पदार्थों (पौधे उत्पाद, खनिज, पशु स्रोत) से तैयार की जाती हैं।
- वर्ष 1810 में यूरोपीय मिशनरियों द्वारा भारत में लाया गया; वर्ष 1948 में आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई।
- **3 प्रमुख सिद्धांत:**
  - सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंटूर ("समः समम् शमयति" या "समरूपता")
  - सिंगल मेडिसिन
  - मिनिमम डोज़

दृष्टि The Vision
Drishti IAS

## भारत में आयुष को बढ़ावा देने से संबंधति सरकारी योजनाएँ क्या हैं?

- **केंद्र प्रायोजति योजनाएँ:**

- राष्ट्रीय आयुष मिशन:
  - इसे भारत में पारंपरिक और लागत प्रभावी आयुष चिकित्सा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2014 में लॉन्च किया गया था।
  - यह आयुष में बुनियादी ढाँचे के विकास को मज़बूत करने, शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ गुणवत्ता नियंत्रण पर केंद्रित है।

- **केंद्रीय क्षेत्रक योजनाएँ:**
  - **आयुर्ज्ञान:**
    - **इस योजना का उद्देश्य आयुष में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है और इसे वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 की अवधि के लिये अनुमोदित किया गया है।**
    - **इसमें दो घटक शामिल हैं: आयुष पेशेवरों के लिये प्रशिक्षण प्रदान करने और ज्ञान अंतराल को पाटने हेतु आयुष में क्षमता निर्माण एवं सतत् चिकित्सा शिक्षा (Continuing Medical Education- CME) तथा आयुष प्रणालियों में अनुसंधान का समर्थन करने के लिये आयुष में अनुसंधान एवं नवाचार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना।**
  - **आयुर्वेदस्वास्थ्य:**
    - **आयुर्वेदस्वास्थ्य (AYURSWASTHYA) योजना के उत्कृष्टता केंद्र कार्यक्रम के तहत आयुष में काम करने वाले संगठनों और संस्थानों को फंड दिया जाता है। इस फंड से उन्हें अपनी सुविधाओं, शोध तथा समग्र संचालन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।**
  - **चैंपियन सेवा क्षेत्र योजना:**
    - **इसका उद्देश्य भारत में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह आयुर्वेद और योग जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने से कहीं आगे है।**
    - **इस योजना का उद्देश्य भारत में इन अद्वितीय स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों की तलाश करने वाले अंतर्राष्ट्रीय रोगियों, पर्यटकों और आगंतुकों को आकर्षित करना भी है।**
  - **आयुष में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना:**
    - **इसका उद्देश्य आयुष चिकित्सा पद्धति के बारे में जागरूकता और रुचि को बढ़ावा देना, मज़बूत करना तथा आयुष के अंतर्राष्ट्रीय प्रचार, विकास एवं मान्यता को सुविधाजनक बनाना है।**
  - **आयुष औषधि गुणवत्त एवं उत्पादन संवर्द्धन योजना:**
    - **इसका उद्देश्य भारत में आयुष औषधियों की गुणवत्ता एवं विनिर्माण को उन्नत करना है, जिससे वे अधिक सुरक्षित, अधिक विश्वसनीय बन सकें तथा सम्भवतः विश्वभर में निर्यात की जा सकें।**
  - **औषधीय पौधों का संरक्षण, विकास एवं सतत् प्रबंधन:**
    - **इसका उद्देश्य औषधीय पौधों का संवर्द्धन, खेती और संरक्षण करना है।**
    - **आयुष मंत्रालय द्वारा स्थापित राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड का उद्देश्य औषधीय पौधों की वृद्धि और खेती को समर्थन देना तथा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों तथा संगठनों के बीच विकास प्रयासों का समन्वय करना है।**

## आयुष से संबंधित अन्य योजनाएँ

- आयुष क्षेत्र पर नए पोर्टल
- आयुष उद्यमिता कार्यक्रम
- आयुष वेलनेस सेंटर
- ACCR पोर्टल और आयुष संजीवनी एप
- आयुष समग्र वेलनेस सेंटर (AYUSH HWC)

**दृष्टि मेन्स प्रश्न**

**प्रश्न.** भारत में निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर बोझ को कम करने में आयुष चिकित्सा प्रणालियों की भूमिका पर चर्चा कीजिये। समग्र स्वास्थ्य सेवा दृष्टिकोण के लिये आयुष की शक्तियों को तथा अधिक एकीकृत करने एवं उनका लाभ उठाने के उपाय सुझाइये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

**??????**

**प्रश्न.** भेषजिक कंपनियों के द्वारा आयुर्विज्ञान के पारंपरिक ज्ञान को पेटेंट कराने से भारत सरकार किस प्रकार रक्षा कर रही है? (2019)

The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-all-india-survey-on-ayush